# ASSIGNMENT
# Std.3 Hindi
# पाठ 16 माइकल फैराडे

*** इन्हें हिंदी कॉपी में लिखें:-**

1. इस पाठ का शब्द अर्थ लिखो।
2. प्रश्न उत्तर (मौखिक):

क. माइकल फैराड‌े कौन थे?

उत्तर: माइकल फैराडे एक महान वैज्ञानिक थे।

ख. माइकल का स्कूल जाना क्यों बंद हो गया?

उत्तर :गरीबी के कारण माइकल का स्कूल जाना बंद हो गया।

ग. फैराडे को कहां नौकरी मिली और उसने वहां क्या लाभ उठाया?

उत्तर: फैराड‌े को एक जिल्द बनाने वाले के यहां नौकरी मिली जहां वह बिजली से संबंधित किताबों को पढ़ता था।

घ. माइकल किस के भाषण सुनने जाता था?

उत्तर: माइकल सर हम्फ्रे डेवी के भाषण सुनने जाता था।

ड.: माइकल फैराड‌े ने किस चीज की खोज की?

उत्तर:माइकल फैराडे ने बिजली के चुंबक की खोज की।

3. प्रश्न उत्तर (लिखित):

क. माइकल फैराडे को अपने बाल बाल्यकाल में किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

उत्तर: माइकल फैराडे बहुत गरीब था उसने 6 साल की उम्र में पढ़ाई आरंभ की परंतु उसके पास किताबें नहीं थी वह पढ़ने के साथ-साथ अपने पिता के काम में हाथ भी बटाता था।

ख.किन बातों से पता चलता है कि माइकल बिजली के विषय में रुचि रखता था?

उत्तर: माइकल जब जिल्द बनाने वाले के यहां काम कर रहा था तब वह बिजली से संबंधित सभी किताबों को ध्यान से पढ़ता था।

ग. माइकल की इच्छा किस प्रकार पूरी हुई?

उत्तर:सर हम्फ्रे डेवी के भाषण सुनने के लिए माइकल के मालिक ने उसे टिकट के पैसे देने का वादा किया इस प्रकार उसके मन की इच्छा पूरी हुई।

घ. माइकल फैराडे में क्या-क्या गुण थे जिनके कारण वे एक महान वैज्ञानिक बने?

उत्तर: माइकल फैराडे बहुत परिश्रमी थे। वे सभी काम मेहनत और लगन से करते थे। वे मुश्किलों का डटकर सामना करते थे।इन्हीं गुणों के कारण वे एक महान वैज्ञानिक बने।

***इन्हें पुस्तक में करो:-**

4. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो:-

उत्तर: क- बिजली के चुंबक ।ख - परिश्रमी। ग - बिजली, किताबें। घ - सर हम्फ्रे डेवी । ङ-महान वैज्ञानिक ।

भाषा से...

1.रेखांकित शब्दों के मिलते जुलते अर्थ वाले शब्द लिखो:- क -प्रतिदिन, ख -उपयोगी, ग -विश्व, घ- चकित, ङ-शिष्य, च -आनंद, छ-अखबार ।